## एक नजर में

### आश्वासन के बाद टला धरना

**कुरावर 04 नवंबर, सं.** तीन माह से बंद कुरावर नगर की नलजल योजना को चालू करने की मांग को लेकर भोपाल में धरना प्रदर्शन के लिए पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षदगण एवं नागरिकों ने विभाग के अधिकारियों से मिले उचित आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन नहीं करने का निर्णय लिया है. गौरतलब है कि बंद पड़ी नल-जल (जल आवर्धन) योजना को चालू करने हेतु भोपाल स्थित एमपीयूडीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, 13-14 पार्षदगण एवं नागरिक भोपाल पहुंचे थे. दो दिन में नलजल योजना चालू करने का आश्वासन मिला है.

### गंगा महाआरती आज

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 04 नवंबर, का.** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य शिवगंगा कथा व दीपस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव तथा दीपदान एवं गंगा महाआरती का आयोजन आज सिविल अस्पताल रोड पर अजनार नदी के तट स्थित गंगा मंदिर परिसर में होगा. माँ गंगा मंदिर सेवा परिवार के डा. मुकेश मारु के अनुसार आज 5 नवंबर को दोपहर 3 बजे से आयोजन प्रारंभ होगा. पंडित प्रमोद नागर द्वारा कथा की जावेगी. भव्य एवं दिव्य शिवगंगा कथा तथा पूर्वजों की स्मृति में दीपस्तंभ प्रतिष्ठा व भव्य गंगा महाआरती का आयोजन होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में आज होने वाले आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है

### सीए बनीं खुशी पालीवाल



**सुठालिया 03 नवंबर, सं.** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई घनश्याम पालीवाल खनोटा वाले की सुपुत्री खुशी पालीवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए फाइनल आईसीएआई की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार सहित नगर का नाम रोशन किया. वह इंदौर में सीए की तैयारी कर रही थी. उनकी उपलब्धि पर परिवारजन इष्ट मित्रों मिलने जुलने वालों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### फूलमाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह

**खिलचीपुर/ब्यावरा 04 नवंबर, सं.** फूलमाली समाज का 14 वां प्रतिभा सम्मान समारोह आज 5 नवंबर को खिलचीपुर में होगा. जानकारी के अनुसार खिलचीपुर स्थित गोपी मैरिज गार्डन बस स्टैंड के यहां प्रात:10.30 बजे से आयोजन प्रारंभ होगा. आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन ब्यावरा के अनुसार सम्मान समारोह में राजगढ़ जिले के साथ ही गुना जिले की चांचौड़ा तहसील को भी शामिल किया गया है. सम्मान समारोह में कक्षा 5 वीं, 8 वीं में ए ग्रेड, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा.

### सियाराम दास जी की पुण्यतिथि पर चित्रकला

**राजगढ़ 03 नवंबर, का.** सुप्रसिद्ध ख्याति प्राप्त चित्रकार ड्राइंग टीचर स्वर्गीय श्री सियाराम दास जी की 10 नवंबर को प्रति वर्ष अनुसार इस साल भी 32 वी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन परायण चौक समिति प्रांगण में प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक रखा गया है. 10 बजे से 11 तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एवं 11 से 12 तक पुरस्कार वितरण किया जाएगा. इस हेतु आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक परायण समिति में रघुनंदन शर्मा पूर्व विधायक के अध्यक्षता में आयोजित की गई. प्रतियोगिता 12वीं तक के छात्र छात्राओं के बीच आयोजित की जावेगी. जिसका विषय कक्षा 1 से 5 तक में स्वैच्छिक रखा गया है आयोजन समिति की बैठक में चंद्रकांत भार्गव, शिवनारायण मौर्य, घनश्याम बामनगया, श्याम गुर्जर, मोहम्मद शफीक गामा, साकेत शर्मा, शाहिद प्रहरी, जगदीश दास आदि उपस्थित थे.

# 10 घंटे से अधिक बिजली दी तो कार्रवाई !

## कृषि फीडर पर अधिक आपूर्ति हुई तो जीएम तक का वेतन कटेगा

**विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कर्मचारियों पर कसा शिकंजा**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 नवंबर, का.अगर 10 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति की गई तो विद्युत वितरण केन्द्र के ऑपरेटर से लेकर जीएम तक का वेतन काटा जायेगा. यह चैतावनी विद्युत वितरण कंपनी ( मध्य क्षेत्र )भोपाल ने अपने एक आदेश के माध्यम से दी है. इसमें स्पष्ट उल्लेख है कि अगर किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली दी तो इसकी सजा कर्मचारियों को दी जायेगी.**

विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र) भोपाल द्वारा जारी लिखित आदेश से कंपनी के कर्मचारी भी हतप्रभ है. उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि फीडरों पर निर्धारित समय 10 घंटे से भी कम बिजली मिल रही है. ऐसे में किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे है. दूसरी ओर विद्युत वितरण कंपनी मध्य क्षेत्र ने सोमवार को यह आदेश जारी किया है कि कृषि फीडरों पर यदि दस घंटे से अधिक की सप्लाई होना पाया जाता है तो संबंधित कर्मचारी, अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाई की जाएगी.

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक संचारण/संधारण श्री ए के जैन के हस्ताक्षर से जारी आदेश में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि किसी माह में किसी कृषि फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली एक दिन दी जाती है तो संबंधित ऑपरेटर का एक दिन का वेतन काटा जायेगा. अगर यह गलती माह में दो बार हो गई तो कनिष्ठ यंत्री और अगर माह में सात दिन तक ऐसा हुआ तो जिले के महाप्रबंधक स्तर तक के अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाई की जाएगी.

11 के.व्ही. कृषि फीडरों पर स्थापित मीटरों पर समय इंटीग्रेशन अवधि 15 मिनट निर्धारित है जो कि मीटर की तकनीकि विशेषता है. इसके माध्यम से यह पता चल जाता है कि किस फीडर से किस दिन 10 घंटे से अधिक कितनी बिजली की सप्लाई की गई. इसी के माध्यम से कंपनी यह पता लगा लेगी कि इस माह में इस दिन इस फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली दी गई.

### विद्युत की आपूर्ति अधिक न हो इसके लिये सख्ती

विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र)भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक संचारण/संधारण ने यह चैतावनी दे दी है कि अगर माह में एक दिन गलती होगी तो इसे ऑपरेटर की गलती मानकर उसका वेतन काटा जायेगा. लेकिन अगर यह गलती बार बार दोहराई जाती है और माह में सात दिन तक 10 घंटे से अधिक बिजली किसानों को दी गई तो इसके लिये फिर कनिष्ठ अभियंता, उप महाप्रबंधक और महाप्रबंधक तक को जिम्मेंदार माना जाकर उनका वेतन भी काटा जायेगा.

### कम बिजली मिलने पर नहीं कोई कार्रवाई

कृषि फीडरों पर दस घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति किए जाने पर जहां विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सख्त निर्देश जारी करते हुए कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश जारी किए गये है वहीं दूसरी और अनेक ग्रामीण क्षेत्रो में दस घंटे से काफी कम 6 से 7 या फिर इससे भी कम समय के लिए बिजली मिल पा रही है. बिजली नहीं मिलने से पर्याप्त सिंचाई भी नहीं हो पा रही है. ऐसे में निर्धारित समय सीमा से कम बिजली मिलने पर कंपनी द्वारा संबंधितों पर कार्यवाही हेतु किसी तरह के दिशा निर्देश जारी नहीं किए गये है.

# गाय चराने पर मारपीट, युवक इंदौर रेफर

## दो लोगों पर मामला दर्ज, नहीं हुई गिरफ्तारी



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 03 नवंबर, सं.** आवास कॉलोनी में निवासरत कमल वर्मा पिता नारायण सिंह वर्मा को मोहल्ले में निवासरत व्यक्ति के द्वारा गाय चराने के मामले कहासुनी हुई जिसको लेकर दलित युवक कमल को इतना मारा गया कि इंदौर रेफर करना पड़ा. हालांकि पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इतिश्री कर लिया है. ऐसा ही एक और मामला सोमवार आशारेटा रोड पर स्थित बैरागी होटल के नजदीक साइकिल दुकान चलाने वाले संचालक के द्वारा दलित व्यक्ति को जाति सूचक शब्द का उपयोग कर जान से मारने की धमकी दी गई. हालांकि दोनों ही मामलों में पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया.

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत, अवैध नशा कारोबार पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 03 नवंबर, सं.** बगुची मोहल्ले के युवक पिंकेश पिता कुंदन जाटव उम्र 26 का शव मंगलवार सुबह बस स्टैंड के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की है. प्रारंभिक जानकारी में युवक के नशे का आदी होने की बात सामने आई है, जिससे बढ़ते अवैध नशा कारोबार पर सवाल उठ रहे हैं. शहर में स्मैक व अन्य मादक पदार्थों की सप्लाई बढ़ने से युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है. छोटा महादेव जैसे धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों में भी शराबखोरी आम होती जा रही है, जिससे पुलिस गश्त की कार्यवाही पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं.

# वैवाहिक रस्मों के बीच तुलसी विवाह संपन्न

## श्री सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 नवंबर, का.** अग्रवाल समाज द्वारा नगर में तुलसी विवाह महोत्सव एवं अन्नकूट का आयोजन रखा गया. तुलसी विवाह के चलते विवाह की सभी रस्म पूर्ण की गई. 2 नवंबर को हल्दी, महेंदी समारोह, 3 नवंबर को धोली कलश, बारात एवं विवाह संस्कार किया गया. वधु पक्ष की और से श्रीमती निधि नीलेश अग्रवाल मंगल परिवार एवं वर पक्ष की ओर से श्रीमती दिव्या राघव बिंदल बिंदल परिवार ने कमान संभाली. अग्रवाल महासभा नगर अध्यक्ष जुगल किशार अग्रवाल के अनुसार अग्रवाल मातृशक्ति के द्वारा यह आयोजन किया गया. 3 नवंबर को छप्पन भोग का आयोजन रखा गया. अग्रवाल धर्मशाला परिसर में स्थित श्री सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव के दरबार में अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन रखा गया.

### संकट मोचन हनुमान मंदिर पर अन्नकूट आयोजित



**सुठालिया 03 नवंबर, सं.** हरिहर मिलन की पूर्व बैला पर सोमवार को नगर के मधुसूदनगढ़ रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग अन्नकूट का आयोजन किया गया. इस मोके पर मंदिर परिसर में विशेष साज-सज्जा की गई. छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया तत्पश्चात महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया.



### प्रकाश पर्व पर निकाली भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 04 नवंबर, का.** नगर में सिख समाज बंधुओं द्वारा सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर एक भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा पंच प्यारो की अगुवाई में निकाली गई. गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पवित्र सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही. शोभायात्रा में गुरु के लालों ने गतका कला का अद्भुत प्रदर्शन किया, जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा. गुरु की संगत मार्ग में झाडू लगाकर पानी का छिड़काव कर पुष्प वर्षा करते हुए अपने गुरु का स्वागत कर रहे थे. शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब पर संपन्न हुई, जहां श्रद्धालुओं ने अरदास किया. गुरु नानक देव जी महाराज सिख धर्म के पहले गुरु हैं, उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण हेतु अपना जीवन समर्पित किया.

### श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नरसिंहगढ़ 03 नवंबर, सं.** नगर के प्राचीन रियासत कालीन श्री सत्यनारायण मंदिर में सोमवार शाम को बड़े भक्तिभाव और उत्साह के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. महोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया. गर्भगृह को पुष्पों से अलंकृत किया गया. मन्दिर पुजारी हर्षित वैष्णव ने देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया. शाम के समय विधि-विधान से भव्य महाआरती सम्पन्न हुई, जिसके दौरान परिसर भवन सत्यनारायण के जयकारों से गूंज उठा. धार्मिक अनुष्ठान के बाद महाप्रसादी वितरण हुआ, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान मंदिर में आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी उल्लेखनीय है की प्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर में वर्षभर धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहता है.

# आपरेशन मुस्कान कार्यक्रम में दी छात्रों को जानकारी



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 03 नवंबर, सं.** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में ऑपरेशन मुस्कान कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर, संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी, एसआई मोनिका राय ममता दांगी, आरक्षक रवि जाट, संतोष जाट, राकेश दांगी उपस्थित रहे. जहां पर बताया कि वर्तमान समय में बालिकाओं को होने वाली छेड़खानी, टच अप जैसी जानकारी अपने माता-पिता को तुरंत शेयर करना चाहिए. क्योंकि समय अनुसार हर अपराध के पीछे शुरुआती छोटे मामले होते हैं जो हमारे परेशानी का कारण बनते हैं. बच्चों को मार्गदर्शी करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमें आगे क्या करना है हम पढ़ाई क्यों कर रहे हैं हमें अपने माता-पिता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पढ़ाई करना चाहिए. यातायात संबंधित जानकारी बच्चों को बताई पैदल या वाहन चलाते समय आवागमन का पुरा ध्यान रखें. नशा मुक्ति के बारे में भी बताया अगर किसी के परिवार में कोई नशा करता है और नशे की आदत छुड़ा सकते हैं.

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर वरदानियां, दिलीप राठौर, महेंद्रसिंह सोनगरा, संजय गौड़, राधेश्याम तोमर, पवन दांगी, कमलसिंह चौहान, कृपाल चौहान, रामेश्वर हरदेनिया, अंकुश भावसार, पवन पाटीदार, भोलाराम प्रजापति सहित शिक्षिकाएं उपस्थित रही.

# अधिक दाम पर खाद बेचने पर कार्रवाई

**ब्यावरा 04 नवंबर, का.** नगर में संचालित एक दुकान से शासन द्वारा तय निर्धारित से अधिक दाम पर खाद बेचे जाने की शिकायत पर कृषि विभाग द्वारा जांच उपरांत संबंधित उर्वरक विक्रेता का लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एन.एस. हरियाले के अनुसार रेल्वे स्टेशन चौराहा के यहां उर्वरक विक्रेता नीरज गुप्ता के यहां से अधिक दर पर उर्वरक बेचे जाने की शिकायत कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष द्वारा विभाग को की गई थी. इस संबंध में उर्वरक निरीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर किसानों के कथन प्राप्त किए गये. जांच में अनियमितता सामने आने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की अनुशंसा पर उप संचालक द्वारा संबंधित का उर्वरक पंजीयन आगामी आदेश तक निलम्बित कर दिया गया है.

**उत्सव** कार्तिक मास की चतुर्दशी पर नदियों में उतारे दीपक, धार्मिक उत्सव में शामिल हुईं महिलाएं

# चांद की रोशनी में दीपदान से जगमगा उठे नदियों के घाट



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 नवंबर, का. बैकुंठ चर्तुदर्शी पर स्थानीय अजनार नदी घाट पर बड़ी संख्या में दीपदान किया गया. समूचा घाट क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगाहट उठा.**

दोपहर से ही अजनार नदी दीपदान करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. श्री अंजनीलाल मंदिर के पीछे अजनार नदी के घाट पर दीपदान करने वालों की भारी भीड़ रही. दोपहर से ही दीपदान करने का सिलसिला शुरु हो गया था. शाम के समय घाट पर दीपदान करने वालों की काफी भीड़ रही. हालात यह रहे कि घाट पर दीपदान करने के लिए जगह तक नहीं मिली. अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर के यहां नदी घाट पर साफ सफाई करवाकर लाईट, पीने के पानी, बैठक हेतु कर्सी की व्यवस्था की गई. ट्रस्ट के सदस्यगण यहां की व्यवस्थाओं में लगे रहे. दीपदान का सिलसिला रात्रि तक चलता रहा. इसी प्रकार इंदौर नाका स्थित घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीपदान करने के लिए पहुंचे. गौरतलब है कि बैकुंठ चर्तुदर्शी पर दीपदान करने का काफी महत्व माना जाता है.

### दीपदान के साथ नेवज की भव्य आरती की



**राजगढ़ 03 नवंबर, का.** नेवज विकास समिति राजगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार बैकुंठ चतर्दशी को इस वर्ष भी पूरे राजगढ़ की जनता द्वारा शाम को सूर्यास्त के समय दीपदान महोत्सव और माँ नेवज की पूजा अर्चना करके महाआरती छोटेपुल राजगढ़ के नेवज तट की गई. नेवज नदी में आटे के हजारों दीपको से कागज के बॉक्स में रख कर ही दीपदान किया गया. पन्नी प्लाष्टिक का उपयोग बिल्कुल नही करने का पालन भी संकल्प लिया. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बमबम महाराज, चित्रकूट से पधारे संतगण, नेवज समग्र विकास समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा, प्रहलाद सिंह पंवार, इंदरसिंह गौड, जगदीश दास, अतुल श्रीवास्तव, भगवत सोनी, ब्रजमोहन गौड़, दोलत पंवार, राकेश सक्सेना, श्रीमती नम्रता विजयवर्गीय, श्रीमती मंगला गुप्ता श्रीमती मंजुलता शर्मा, रेखा शर्मा सहित बड़ी संख्या में धार्मिक जनता ने नेवज मैया में दीपदान करके नेवज आरती की.



# नामदेव महाराज की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 03 नवंबर, सं. सन्त शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य नामदेव दर्जी समाज द्वारा सोमवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई.**

दोपहर एक बजे थावरिया स्थित चापावन्त मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की गई. जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर पहुची जहाँ विधिवत शोभा यात्रा का समापन किया गया. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए. इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाये वहीं पुरुषों और बच्चों ने जमकर जयकारे भी लगाए. इस दौरान समाज बंधुओ ने सन्त नामदेव की आकर्षक झांकी भी सजाई जो नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र रही. समापन अवसर पर मंदिर में पूजन तथा प्रसादी वितरण किया गया. समाज बंधुओं ने सन्त नामदेव जी के आदर्शों पर चलकर सामाजिक एकजुटता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प दोहराया.

**व्यवस्थाएं नहीं होने से जाम में फंसा जुलूस-** चल समारोह के दौरान मुख्य बाजार में जाम के हालात बन गए. समाज बंधुओ ने बताया कि शोभायात्रा की विधिवत एट जानकारी प्रशासन को पूर्व में दी गई थी, इसके बावजूद मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं की गई. सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के अभाव में जुलूस को जाम से गुजरना पड़ा, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को खांसी समस्याओं का सामना करना पड़ा.